# डॉ. कृष्णकान्त को मिला राष्ट्रीय शिक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार

हिन्दुस्तान टीम | 30/01/2022 11:50:16 PM



फरीदाबाद। प्रो. बीएस निगम फाउंडेशन ऑफ हायर एजुकेशन की ओर से बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता को राष्ट्रीय शिक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार-2022 देकर सम्मानित किया गया। फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रो. केपी सिंह ने प्राचार्य को सम्मान देकर अभिनंदन किया। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, पूर्ण समर्पित शिक्षाविद, कर्तव्यनिष्ठ और सहयोगी शोधकर्ता के तौर पर उन्हें ये सम्मान मिला है। मौके पर प्रबंधक समिति के प्रधान देवेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष डॉ. वासुदेव गुप्ता, उपाध्यक्ष, विनोद मित्तल, महासचिव प्रवीण मित्तल आदि मौजूद रहे।